>

Title: Need to provide special package to the farmers in Rajasthan for promoting the plantation of medicinal plants and check alleged irregularities in Harit Rajashthan Scheme.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): महोदया, आज हरित राजस्थान के नाम पर सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्डे खोदकर उसमें पेड़ लगाने की एक योजना चल रही है। गड्डे इतने बड़े खोद दिये जाते हैं कि रोड के ऊपर अगर कोई वाहन निकलता है तो वह सीधा गड्डे के अंदर गिर जाता है। इससे बहुत बड़ी दुर्घटना होती है, जिससे जान-माल की बहुत हानि हो रही है। मेरे जालौर जिले में और सिरोही के अंदर इन गड्डों के कारण बहुत सारी दुर्घटनाएं हुई हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि ये जो गड्डे खोदे जा रहे हैं, उनमें पेड़ तो होते ही नहीं हैं, शायद ही कभी कोई पेड़ दिखता हो, उसमें केवल कांटे की बाड़ दिखती है। अगर वहां पर किसानों को प्रोत्साहन दिया जाये और वह राशि किसानों को देकर, उनके खेतों में किनारे-किनारे पेड़ लगा दिये जायें तो हरित राजस्थान और हरित देश का जो हमारा सपना है, वह साकार हो सकता है।

महोदया, राजस्थान के अंदर खेजड़ी और जार के पौधे बहुत उपयोगी हैं। उन पौधों को लगाकर हम वहां की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

अध्यक्ष महोदया : आप केंद्र सरकार से क्या चाहते हैं, वह बता दीजिये?

श्री देवजी एम. पटेल : महोदया, मैं केंद्र सरकार से यह चाहता हूं कि जो गड्डे खोदे जा रहे हैं, उन्हें बंद करके वहां की जनता को राहत दी जाये। मैंने सरकार को भी पत्र लिखा था और इस बारे में बताया था, लेकिन वहां से कुछ नहीं हो रहा है तो हमें केंद्र में ही आना पड़ता है। मैं यही चाहता हूं कि वहां पर गड्डे बंद करके लोगों की जान-माल को बचाया जाये और इसके ऊपर केंद्र के माध्यम से कोई एक्शन लिया जाये तब जाकर हमारी समस्या हल होगी।